तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 15 जुलाई 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 सावन के पहले सोमवार को गूंजा हर-हर महादेव





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183


## खबर संक्षेप

### सरगुजा के नवपदस्थ डीईओ डॉ. झा ने संभाला कार्यभार

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार डॉ. दिनेश कुमार झा ने सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा के पद का विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण के पश्चात डीईओ डॉ. झा ने कलेक्टर से सौजन्य भेंट की और जिले में संचालित शैक्षिक योजनाओं व नवाचारों की जानकारी प्राप्त की।



### जपं सामान्य प्रशासन समिति सामान्य सभा बैठक कल

**अंबिकापुर।** जनपद पंचायत अंबिकापुर में सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक 16 जुलाई को आयोजित की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सामान्य प्रशासन समिति की बैठक सुबह 11.30 बजे से जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष की अनुमति से विभिन्न प्रशासनिक विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में समिति के अध्यक्ष श्री विक्रम सोनपाकर सहित सभी सदस्य आमंत्रित किए गए हैं। इसी दिन दोपहर 1 बजे से सामान्य सभा की बैठक का आयोजन भी जनपद पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में किया जाएगा। इस बैठक का मुख्य एजेंडा पेंशन स्वीकृति से संबंधित विषय रहेगा। साथ ही जनपद पंचायत अध्यक्ष की अनुमति से अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को बैठक में वित्तीय एवं भौतिक जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्माण कार्यों की जानकारी के साथ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के उप संभागीय अधिकारी, समाज शिक्षा संगठक, लेखा शाखा प्रभारी सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को समुचित व्यवस्था एवं सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु आवेदन 23 तक

**अम्बिकापुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सीतापुर के प्राचार्य ने जानकारी दी है कि संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, नवा रायपुर अटलनगर, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में शैक्षणिक सत्र 2025-2026 एवं 2025-2027 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 16 जुलाई से प्रारंभ हो रही है। यह प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी तथा इच्छुक अभ्यर्थी 23 जुलाई रात्रि 11.59 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश निम्नलिखित व्यवसायों में किया जाएगा। कोपा, विद्युतकार, फिटर, डीजल मैकेनिक, वेल्डरपाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी का कम से कम 10वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### छात्रवृत्ति के लिए आधार सीडिंग एवं बैंक खाता सुधार के निर्देश

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक की ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कॉलेज स्तर) का भुगतान विद्यार्थियों के आधार सीडेड बैंक खातों के माध्यम से किया जा रहा है। यह देखा गया है कि कई विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति इस कारण प्राप्त नहीं हो पा रही है क्योंकि उनके बैंक खाते में आधार सीडिंग इनएक्टिव है, बैंक खाता त्रुटिपूर्ण है या संबंधित खाता बंद हो चुका है। ऐसे सभी विद्यार्थी जिनकी छात्रवृत्ति अटकी हुई है उनसे अपनी स्टूडेंट आईडी के माध्यम से सुधार कर आधार सीडेड बैंक खाता की प्रविष्टि अविलम्ब पूर्ण करने कहा गया है।

## मरम्मत के नाम पर डामरीकृत सड़क उखाड़कर डाल दी गई मिट्टी

# अधिकारियों व ठेकेदार की लापरवाही से चलगली बना टापू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/रनहत

**खास बात**

■ फंस रहे वाहन, पैदल चलना भी मुश्किल

बलरामपुर जिले के अंतर्गत आने वाली प्रतापपुर चलगली मार्ग की सड़क की हालत बेहद दयनीय हो गई है। आलम यह है कि इस मार्ग पर अब बसों का चलना भी बंद हो गया है और लोगों को चार किमी की यात्रा पैदल ही करनी पड़ रही है। हैरानी की बात तो यह है कि इस मार्ग पर ठेकेदार को पैच रिपेयरिंग और मरम्मत के कार्य का जिम्मा दिया गया लेकिन सिर्फ मिट्टी डालकर छोड़ दिया जिससे सड़क दलदल में तब्दील हो गई है और वाहनों में पहिए इस मार्ग पर धंस जा रहे है। इधर अधिकारी किसी भी प्रकार के मरम्मत कार्य से इनकार कर रहे है और पैच रिपेयरिंग के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने का हवाला दे रहे है।

बता दें कि प्रतापपुर से चलगली मार्ग पर रनहत से चलगली के बीच की सड़क की हालत बेहद दयनीय हो गई है। पपरसवार-चलगली मार्ग पर शासन से 79 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी। शासन से मिली के बाद ठेकेदार द्वारा परसवार से रनहत तक डामरीकरण का काम किया गया लेकिन इसके बाद रनहत से चलगली तहसील मुख्यालय तक की डामरीकृत सड़क को उखाड़कर उसमें पास में मौजूद लाल मिट्टी को उठाकर डाल दिया गया। मार्च अप्रैल महीने में डामरीकरण और मरम्मत के नाम पर ठेकेदार और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने यह काम कराया लेकिन मरम्मत के नाम पर सड़क पर डाली गई मिट्टी बारिश होने के साथ ही कीचड़ और दलदल में तब्दील हो गई। पूर्व में इस डामरीकृत सड़क पर जगह जगह गड्ढे थे जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी जरुर हो रही थी लेकिन आवाजाही जारी थी लेकिन डामरीकृत सड़क को उखाड़कर मिट्टी डालने से इस सड़क की हालत बेहद दयनीय हो गई है। बारिश होते ही भारी वाहनों के आवागमन से सड़क पर डाली गई मिट्टी कीचड़ में तब्दील हो गई है और लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। इस मार्ग पर रनहत से चलगली तक की स्थिति बेहद खतरनाक है और एक तरह से बारिश होने पर आवागमन पूर्ण रूप से ठप हो जाता है।





फिसलन भरी सड़क पर बस जैसे बड़े वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटना का हो रहे शिकार, दोपहिया वाहन और पैदल चलने वालों का आवागमन हुआ मुश्किल।

### प्रमुख मार्गों को जोड़ती है सड़क

बता दें कि प्रतापपुर से चलगली की यह सड़क कई मायनों में महत्वपूर्ण है। चल्गाली होते हुए लोग वाड्रफनगर, रामानुजगंज और बच्छराज कुंवर धाम भी जाते है। इस मार्ग पर बड़ी संख्या में यात्री बसें चलती है लेकिन वर्तमान में सड़क के कीचड में तब्दील हो जाने के बाद यात्री बसें कीचड़ में फंस जा रही है। यही वजह है कि बस संचालकों ने इस मार्ग पर अपनी बसों को कम कर दिया है। मार्ग पर महज 3 से 4 बसें ही चल रही है और बारिश होने पर ये बसें भी चलना बंद हो जाति है। आवागमन बाधित होने के कारण लोगों को लंबि दूरी भी तय करनी पड़ रही है। यदि किसी व्यक्ति को चलगली से प्रतापपुर जाना है तो वह बडकागांव, बरती से मोर्न होते हुए प्रतापपुर जा रहा है। ऐसे में लोगों को लगभग 58 किमी की अधिक दूरी तय करनी पडती है।

### 4 किमी का पैदल सफर

इस मार्ग पर चलगली से 5 किमी आगे सरस्वतीपुर के समीप स्थिति बेहद ही खतरनाक है। सड़क पर इस कदर कीचड़ है कि यहां दो बसें पलटने से बाल बाल बच गई। कीचड़ में बसों के पहिए फिसल रहे है यही वजह है कि एक यात्री बस दुर्घटना का शिकार होने से बाख गई। मार्ग पर दुआरी मोड़ के समीप ट्रक फंस गया था। कीचड़ के कारण सड़क पर वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है। इस लिए जहां तक सडक की हालत ज्यादा खराब है उसके दोनों ओर बस संचालक अपनी अपनी बसों को खड़ा कर देते है इस दौरान लगभग 4 किमी का पैदल सफ़र कर लोग बस तक जाते है ताकि वे अपने गंतव्य तक रवाना हो सके। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र की इस दयनीय स्थिति को लेकर जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे है।

### अधिकारी नहीं मान रहे हुआ है काम

हैरानी की बात तो यह है कि मरम्मत के नाम पर 80 लाख रूपए खर्च कर सड़क को कीचड़ में तब्दील कर दिया गया और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मानने को ही तैयार नहीं है कि इस तरह का कोई काम भी हुआ है। यही वजह है कि नागरिकों ने सड़क की जर्जर हालत और ठेकेदार एवं विभाग की मनमानी को लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया। अधिकारी का कहना है कि सड़क निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है तो फिर आखिर बिना राशि स्वीकृत कराए ही आधी सडक पर पैच रिपेयरिंग करा ली गई और शेष सड़क पर मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया।

### भेजा गया है प्रस्ताव

सड़क डामरीकरण के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद काम कराया जाएगा। एसडीओ, सब इंजीनियर को भी जर्जर सड़क का निरीक्षण करने के लिए भेजा गया है।

-मोहन राम भगत
ईई

# आरक्षक के सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर व नकदी समेत 30 लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ शहर के नमनाकला की घटना, गृहग्राम सोनगरा गया हुआ था परिवार

शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर चोरों ने एक सीआरपीएफ जवान के घर को निशाना बनाया है। चोरों ने सीआरपीएस के आरक्षक के सूने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना में चोर आरक्षक के घर से लगभग 30 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर व नगदी रकम लेकर फरार हो गए। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बड़ी बात यह है कि चोरों ने बड़े शातिर ढंग से वारदात को अंजाम दिया है और क्यों कि घटना स्थल पर एफएलएस की टीम को चोरों के फिंगर प्रिंट तक नहीं मिले है।

बताया जा रहा है कि शहर के नमनाकला मुखर्जीनगर निवासी ब्रिजेश सिंह सीआरपीएफ में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। ब्रिजेश सिंह शनिवार की दोपहर एक बजे अपने परिवार के साथ गृह ग्राम सोनगरा गए हुए थे। इस दौरान उनके घर में ताला लगा हुआ था। सोमवार की सुबह ब्रिजेश सिंह परिवार के साथ पहुंचे तो घर के मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ था लेकिन अन्दर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। जब वे घर में घुसे तो उनके कमरे का ताला भी टूटा हुआ था और कमरे का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने घर की आलमारी को तोड़कर अन्दर रखे लगभग 30 तोला सोने के जेवर, चांदी के जेवर समेत 65 हजार रूपए नगदी की चोरी कर ली थी। सीआरपीएफ आरक्षक ने घटना की सूचना गांधीनगर पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। इसके साथ ही फॉरेंसिक की टीम को भी मौके पर मौके पर बुलाया गया था। इस घटना में लगभग 30 लाख रुपए के चोरी की बात कही जा रही है। बड़ी बात यह है कि सीआरपीएफ आरक्षक के परिवार को रविवार को ही वापस लौटना था लेकिन किसी कारण से वे एक दिन और सोनगरा में रुक गए। यह घटना बीती रात ही अंजाम दिए जाने की संभावना जताई जा रही है.फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



### ग्लब्स पहनकर चोरी

सीआरपीएफ आरक्षक बिजेश सिंह के घर हुई चोरी में शातिर चोरों का हाथ माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद फॉरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची थी लेकिन टीम को मौके पर चोरों के एक भी फिंगरप्रिंट नहीं मिले है। ऐसे में सम्भावना जताई जा रही है कि इस वारदात को पेशेवर चोरों ने पूरी योजना के साथ अंजाम दिया है। वहीं बताया जा रहा है कि बिजेश सिंह के कमरे के बगल में ही उनके भाई का कमरा है जिसमें ताला नहीं लगा हुआ था लेकिन उस कमरे में में सोने चांदी के जेवर अलमारी में रखे हुए थे। चोरों ने उस कमरे में सामान को हाथ भी नहीं लगाया है जहां ताला नहीं लगा था। वहीं सीआरपीएफ आरक्षक के घर में सीसीटीवी कैमरे लगे है लेकिन पिछले चार चार दिनों से कैमरा खराब हो गया था ऐसे में कैमरे में घटना कैद नहीं हो पाई।

## एसईसीएल बिश्रामपुर स्थित आवास पर चोरों का धावा

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के निज सहायक रवि मिश्रा के एसईसीएल बिश्रामपुर स्थित बी टाइप 27 नंबर क्वार्टर में रविवार की रात क्षेत्र में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी देर रात पुलिस को तब लगी जब प्वाइंट ड्यूटी करने पहुंचे आरक्षक उनके आवास पहुंचा तो पाया कि पीछे का दरवाजा खुला है और सामने का दरवाजा भीतर से बंद है,जिसके बाद उसने थाना प्रभारी को मामले की सूचना दी। मामला सीएम के निज सहायक होने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। देर रात से पुलिस एक्शन मोड में आ गई है और क्षेत्र के नामचीन चोरों व कबाड़ियों की धरपकड़ और पूछताछ की जा रही है।

बताया गया कि एसईसीएल बिश्रामपुर के महाप्रबंधक निवास के ठीक बगल में बी-टाइप कम्पनी आवास है, इसमें 27 नंबर क्वार्टर में सीएम के निज सहायक रवि मिश्रा की माता और पिताजी निवास करते हैं। बीच में कुछ समय के लिए रवि मिश्रा का भी यहां आना जाना लगा रहता है। श्री मिश्रा के पिता रतिपाल मिश्रा रिटायर शिक्षक हैं और लंबे समय से इसी क्वार्टर में रहते हैं। शनिवार को दिन में ग्यारह बजे वे अपने आवास को ताला बंद कर, इसकी चाबी को बिश्रामपुर थाना में छोड़कर गए थे। एक दिन बीतने पश्चात रविवार की रात करीब बारह सवा बारह बजे थाने के दो पुलिस कर्मी जिनकी उक्त आवास में ड्यूटी लगी हुई थी, वे वहां पहुंचे और बाउंड्री वाल के गेट का दरवाजा खोला और भीतर गए तो देखा कि सामने का दरवाजा भीतर से बंद है, और जब पीछे जाकर देखा तो पिछला दरवाजा खुला हूआ पाया,ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी नवीन कुमार बेक और सूर्यप्रताप सिंह ने बिश्रामपुर थाना में फोन कर घटना की सूचना दी,जिसके बाद मचे हड़कंप के बाद जिले के अलग अलग थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई और उनके भाई अमरपाल मिश्रा को मौके पर बुलवाकर घटना की सूचना दी गई। उनके आने के बाद पुलिस की टीम घर के भीतर घुसी और वारदात को देखा जिसमें चोरों ने अलग अलग कमरे में रखे दो अलमारी व दो पेटी के लॉक तोड़कर उसके भीतर रखे नगदी रकम व सोने चांदी के जेवरात अपने साथ ले गए हैं। चोरों ने दो दीवान सहित घर के पूरे सामान को पूरी तरह बिखेरकर तलाशी ली है। घटना की सूचना रात में ही श्री मिश्रा और उनके परिजन को दे दी गई है। उनके रायपुर से वापस लौटने के बाद चोरी गए सामानों की वास्तविक जानकारी मिल सकेगी।


### पूरी रात पुलिस डॉग स्क्वाड के साथ छान बीन में लगी रही

घटना की सूचना के बाद पुलिस महकमे के कई अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर वारदात की परिस्थितियों का मुआयना किया है।बाद में डॉग स्क्वाड और एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंच जांच में जुटी है। पुलिस को चोरों तक पहुंचने में इसलिए भी अधिक मुश्किल हो रही कि यहां कहीं पर भी सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं, अब तक पुलिस के हांथ खाली बताए गए हैं। पुलिस के अलग अलग थानों के तेज तर्रार पुलिस कर्मियों की अलग अलग टीम गठित कर जांच में लगाई गई है। बता दें कि अभी बीस दिनों पहले टूए कॉलोनी में डीएवी की शिक्षिका नीलम पांडेय का अज्ञात बदमाशों ने देर शाम इवनिंग वॉक के दौरान चैन लुट भाग निकले थे जिसका अब तक पता नहीं चल सका है, कुछ दिनों बाद ऑफिसर कॉलोनी में एक बार फिर चोरी की वारदात हो गई जिससे लोगों में भारी नाराजगी है।फिलहाल मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर अलग अलग एंगल से जांच में जुटी है।

## घुनघुट्टा के नहर में मिला युवक का शव, रविवार से था लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार की दोपहर से लापता युवक का शव घुनघुट्टा नदी के नहर में मिला है। युवक का शव नहर में औंधे मुंह पड़ा हुआ था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है और पीएम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होने की बात कही जा रही है लेकिन संभावना जताई जा रही है कि नहर में गिरने से ही युवक की मौत हुई है।



■ पानी में गिरने से मौत की संभावना

बताया जा रहा है कि दरिमा थाना अंतर्गत घुनघुट्टा नहर में सोमवार की सुबह एक युवक का शव मिला था। ग्रामीणों ने नहर में शव होने की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस शव को बाहर निकालकर घटना की जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान ग्राम सलका निवासी 20 वर्षीय अभिनेश आ. संपत सिंह कंवर के रूप में की गई। अभिनेश कंवर रविवार की दोपहर खाना खाने के बाद घर से निकला था और फिर वह वापस नहीं लौटा। युवक के परिजन द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार को घटना की सूचना पर पहुंचे परिजन ने मृतक की पहचान की। संभावना जताई जा रही है कि युवक नशे में नहर की ओर चला गया होगा और नहर के पानी व कीचड़ में फंसकर पानी में गिर गया और पानी में औंधेमुंह पड़े रहने से उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस को मृतक के शरीर पर चोर के निशान नहीं मिले है। ऐसे में अधिकारी पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होने की बात कह रहे है। थाना प्रभारी दरिमा भरत लाल साहू ने बताया कि मृतक की पहचान कर ली गई है और पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

## लोगों में आक्रोश का माहौल, किराना सामान लेने आया था युवक

# मिर्गी से बेहोश हुआ युवक, एक घंटे तक नहीं पहुंच पाई एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में एम्बुलेंस की सुविधा किस कदर काम कर रही है इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि किसी व्यक्ति को शहर में एम्बुलेंस की सुविधा लेने के लीए घंटो इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसा ही कुछ मामला शहर के देवीगंज रोड स्थित नारायण स्टोर में देखने को मिला जहां मिर्गी आने के बाद मरीज को अस्पताल भेजने के लिए लोग संजीवनी 108 एम्बुलेंस को फोन करते रह गए लेकिन मरीज को समय पर एम्बुलेंस की सुविधा नहीं मिल पाई। ऐसे में लोगों में ख़ासा आक्रोश देखने को मिला।

लोगों का कहना है कि जब शहर के बीच एम्बुलेंस पहुंचने में इतना समय लग रहा है तो फिर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति का अंदाजा स्वयं ही लगाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि सोमवार को शहर के देवीगंज रोड स्थित नारायण स्टोर में एक व्यक्ति सामान की खरीददारी करने आया हुआ था। इस दौरान व्यक्ति को अचानक मिर्गी का दौरा पड़ा। मिर्गी आने पर दुकान संचालक व कर्मचारियों ने व्यक्ति को संभालते हुए जमीन पर लिटाया और एक चिकित्सक से बातकर उसे वस्तु स्थिति से अवगत कराया और चिकित्सक के बताए अनुसार ओआरएस पिलाया। इस दौरान संचालक अभिषेक ने संजीवनी 108 एम्बुलेंस को फोन कर घटना की जानकारी देते हुए मरीज को अस्पताल में भर्ती कराने का प्रयास किया लेकिन 108 के काल सेंटर से सिर्फ कभी एक घंटा तो कभी 45 मिनट समय लगने की बात कही गई। इस दौरान एक घंटे से अधिक समय तक एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंचा। चूंकि इस दौरान मरीज का मोबाइल फोन भी लॉक था जिससे वे भी उसके परिजन से सम्पर्क नहीं कर पा रहे थे। गनीमत रही कि मरीज के मोबाइल पर उनके ही परिजन का फोन आ गया जिसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी देकर परिजन को भी मौके पर बुला लिया लेकिन एम्बुलेंस नहीं पहुंची। ऐसे में लोगों में आक्रोश का माहौल है। बड़ा सवाल यह है कि जब शहर में एम्बुलेंस को पहुंचने में एक घंटे का समय लग रहा है तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था की किया स्थिति होगी।



# सामुदायिक स्वच्छता परिसर से मिला रोजगार

**बैकुण्ठपुर।** सोनहत जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सुंदरपुर में तीन वर्ष पूर्व निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसर अब ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन रहा है।

इसी परिसर के साथ निर्मित दो दुकानों के आवंटन से दंपति जय सिंह और उनकी पत्नी कैलाश कुमारी का जीवन न केवल आर्थिक रूप से संवर गया, बल्कि ग्राम में स्वच्छता और सामाजिक समन्वय की भी मिसाल कायम हुई है। ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित इन दुकानों का आवंटन दंपति को 40 हजार रूपए की अमानत राशि पर किया गया था, तब से यह दंपति सतत रूप से दोनों दुकानें संचालित कर रहा है। जय सिंह किराना दुकान का संचालन कर रहे हैं जबकि कैलाश कुमारी कपड़ों की सिलाई सेवा दे रही हैं। प्रतिदिन औसतन 400 से 500 रूपए की आय से उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है और वे आत्मनिर्भर बन चुके हैं। दुकानों से प्राप्त किराए की राशि प्रतिमाह 600 रूपए का उपयोग पंचायत द्वारा परिसर में निर्मित शौचालय की नियमित सफाई एवं रख-रखाव में किया जा रहा है, इससे स्वच्छता बनी रहती है और ग्रामवासी भी जागरूक हो रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### बढ़ी विद्युत दर को लेकर पत्रकार वार्ता आज

**बैकुण्ठपुर।** राज्य भाजपा सरकार द्वारा हाल में बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने 15 जुलाई को दोपहर 1 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि राज्य की भाजपा सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट तथा किसानों के लिए कृषि दर में 50 पैसे प्रति यूनिट बिजली दर की बढ़ोतरी कर आम जनता एवं किसानों पर आर्थिक बोझ डाल दिया है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**बैकुण्ठपुर।** जिला परिवहन कार्यालय कोरिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक 15 जुलाई को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। यह बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष बैकुंठपुर में होगी। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सड़क मरम्मत, ट्रैफिक मैनेजमेंट, स्कूली बच्चों में यातायात जागरूकता, संकेतक व्यवस्था, पशु दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं अन्य सड़क सुरक्षा संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों को पूर्व सूचना के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया गया है। बैठक में पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, राष्टीय राजमार्ग प्राधिकरण, नगर पालिका, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, आबकारी विभाग, एनजीओ तथा अन्य विभागों के प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि बैठक का एजेंडा संलग्न कर सभी आमंत्रित विभागों को भेजा गया है।

### बैठक में छात्रावासों की व्यवस्थाओं की समीक्षा

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आदिम जाति विकास विभाग द्वारा संचालित छात्रावास/आश्रमों की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छता, पौधरोपण, समय-सारणी, शिष्यवृत्ति वितरण, मेस संचालन, निगरानी समिति गठन, अभिलेख संधारण, महिला सुरक्षा, मादक पदार्थों से बचाव, बागवानी एवं पालक-बालक सम्मेलन सहित छात्रावासों की समग्र व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

## अलसुबह से उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, शिव मंदिरों में दिनभर चला पूजा-पाठ

# सावन के पहले सोमवार को गूंजा हर-हर महादेव


पूजा-अर्चना करते श्रद्धालू।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सावन माह के पहले सोमवार 14 जुलाई को शहर समेत जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी रही। अलसुबह से ही शिवभक्त पूजा-सामग्री के साथ भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिरों की ओर निकले। शहर के प्रसिद्ध प्रेमाबाग शिव मंदिर में सुबह होते ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। विधि-विधान से भक्तों ने बेलपत्र, जल, दूध, धतूरा, भस्म और पुष्प आदि अर्पित कर भगवान शिव की आराधना की। सावन के पहले सोमवार को कई शिव मंदिरों में महिला श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन का आयोजन कर माहौल को और भी आध्यात्मिक बना दिया। मंदिरों में बोल बम, भोले शंकर जैसे जयकारे दिनभर गूंजते रहे।

### सावन के पहले दिन लगी रही झड़ी

सावन माह की शुरूआत जहां श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगी रही, वहीं मौसम ने भी अपना रूख बदलते हुए सावन के स्वागत में जमकर रिमझिम बारिश की। जिलेभर में सावन के पहले दिन सोमवार को लगातार रूक-रूक कर बारिश होती रही, जिससे मौसम सुहावना हो गया और गर्मी से राहत मिली। बारिश के साथ-साथ बिजली की आंख-मिचौली ने लोगों को थोड़ी परेशानी में जरूर डाला। कई इलाकों में अचानक बिजली कटौती होने से घरों और दुकानों में अंधेरा छा गया, वहीं जल आपूर्ति और इंटरनेट सेवाएं भी प्रभावित हुइं। शहर के प्रेमाबाग, स्कूलपारा, झुमका रोड, ओड़गी नाका समेत कई क्षेत्रों में दिनभर बारिश की बूंदें गिरती रहीं। वहीं कई श्रद्धालु बारिश में भींगते हुए शिव मंदिरों में दर्शन और जलाभिषेक के लिए पहुंचे।

### शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक पूजन

पुलिस लाइन, स्कूलपारा, चेर, ओड़गी नाका, झुमका बांध, सोनहत मार्ग के जंगलों में स्थित शिवघाट मंदिर और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में भी भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। भक्तों ने पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं शिव को अर्पित कीं। पूरे जिले के शिव मंदिरों में एक विशेष दृश्य यह भी रहा कि बच्चों ने भी पूजा सामग्री जैसे नारियल, अगरबत्ती और बेलपत्र लेकर शिव मंदिर पहुंचे और भोलेनाथ की पूजा की।

## शिवभक्ति यात्रा में श्रद्धा का उमड़ा सैलाब

**मनेन्द्रगढ़।** सावन के पहले सोमवार पर मनेन्द्रगढ़ में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। हनुमान टेकरी मंदिर से नाकेश्वर महादेव मंदिर तक दो लोटा जल लेकर श्रद्धालुओं ने पदयात्रा करते हुए सामूहिक जलाभिषेक किया। पूरे नगर में हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों से माहौल शिवमय हो गया।



इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका डॉ.रश्मि सोनकर के साथ शीला सिंह, नीलम सोनी, दीक्षा सोनी, प्रतिमा प्रसाद, सरिता पांडे, रेखा गुप्ता, पूजा पटेल, सरला, आरती, रोशनी मिश्रा और रोशनी पनिका सहित काफी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं मौजूद रहीं। महिलाओं ने भक्ति गीतों, शिवनाम संकीर्तन और पारंपरिक वेशभूषा के साथ आयोजन को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम संयोजनकर्ता डॉ.रश्मि सोनकर ने बताया कि पिछले कई वर्षों से सावन के प्रत्येक सोमवार को शिवभक्तों द्वारा सामूहिक रूप से जलाभिषेक किया जाता है। इस वर्ष भी यह आयोजन पूर्ण श्रद्धा और उत्सव भाव से किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि सावन माह के दौरान प्रत्येक मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। साथ ही सावन के अंतिम सोमवार को श्री विजय हनुमान टेकरी में सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा।

## पहले सोमवार को मंदिर परिसर में पौधरोपण

**बैकुण्ठपुर।** सावन माह के प्रथम सोमवार को देवराहा बाबा सेवा समिति बैकुंठपुर के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मंदिर परिसर में पौधरोपण कर एक प्रेरणादायक पहल की शुरूआत की।



इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष शैलेष शिवहरे, भानू पाल, अनिल शर्मा, रामकिंकर पाण्डेय, जितेन्द्र गुप्ता, सुभाष साहू, जयनाथ वाजपेयी, घनश्याम साहू, धनेन्द्र महाराज, अनिल खटिक, धीरज शिवहरे, आशीष शुक्ला, अंकित गुप्ता, अभय दुबे सहित अन्य सदस्यगण, नगर के वरिष्ठजन एवं श्रद्धालु काफी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में आम, अमरूद, नींबू, जामून सहित कई प्रकार के फलदार पौधों का रोपण किया गया। समिति ने यह संकल्प भी लिया कि लगाए गए सभी पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित किया जाएगा। उपस्थितजन ने कहा कि यह अभियान केवल एक पौधा लगाने का कार्य नहीं, बल्कि मां के प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति कर्तव्य का प्रतीक है। समिति ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की और इस पावन अवसर पर इस प्रकार के आयोजनों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

### हर सोमवार को होगा भंडारा

सावन माह के पावन अवसर पर दुर्गा पूजा समिति भवानी तिगड़ा के तत्वावधान में दुर्गा मंदिर पीपल वृक्ष के नीचे श्रद्धालुओं के लिए विशाल भोग भंडारे का आयोजन किया गया।

सावन के पहले सोमवार पर आयोजित इस भंडारे में काफी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। समिति ने यह सुनिश्चित किया है कि हर सावन सोमवार को नियमित रूप से भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिससे भक्तजन सेवा और श्रद्धा के इस संयोग का लाभ ले सकें। इस बार आयोजित भंडारे में विशेष योगदान अंकित ज्वेलर्स के प्रोपराइटर मनोज सोनी एवं हरिओम बुक डिपो के संचालक हिमांशु अवस्थी का रहा। दोनों सेवाभावी युवाओं के सहयोग से आयोजित भंडारे में भक्तों के लिए प्रसाद, खीर-पूरी, सब्जी एवं फलाहार की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने इस व्यवस्था को खूब सराहा।



भवानी तिगड्डा में आयोजित भंडारा।

## हत्या की गुत्थी सुलझी, दो गिरफ्तार

- तीखुर घोसा नाला क्षेत्र में मिले अज्ञात शव का मामला

**बैकुण्ठपुर/चरचा कॉलरी।** जिले के थाना चरचा पुलिस ने परेवा घाट तीखुर घोसा नाला क्षेत्र में मिले अज्ञात शव के हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राजेश साहू के मार्गदर्शन में की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 जुलाई को ग्राम तर्रा निवासी मोती राम ने थाना चरचा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तीखुर घोसा नाला के पास पिछले 4-5 दिनों से एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का निरीक्षण किया। शव की स्थिति सड़ी-गली थी, लेकिन मृतक के बाएं हाथ में चैनदार घड़ी, बाएं भुजा में ऊँ गोदना, नीला चड्डा एवं नीला टी-शर्ट होने से पहचान के प्रयास किए गए। शव का पीएम रिपोर्ट आने के बाद हत्या की पुष्टि हुई, जिसके आधार पर थाना चरचा में धारा 103(1), 238(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध क्रमांक 132/2025 दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिससे संदेह की सुई लक्ष्मण राजवाड़े और रामदेव राजवाड़े की ओर मुड़ी। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि 8 जुलाई को उन्होंने मृतक जय प्रकाश के साथ शराब पी थी।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## निजी उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच अनियमितता पर कार्रवाई

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में कृषकों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 10 जुलाई को कृषि विभाग की जिला स्तरीय टीम द्वारा विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के विभिन्न निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।


इस दौरान राधिका कृषि सेवा केन्द्र मनेन्द्रगढ़ एवं नारायण अग्रवाल बरबसपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इन प्रतिष्ठानों में उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के अंतर्गत निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। रेट लिस्ट चस्पा नहीं की गई थी। दस्तावेज का संधारण नहीं करने के कारण दोनों प्रतिष्ठानों को अनियमितताओं के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उक्त कार्रवाई के दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी मनेन्द्रगढ़ धर्मेन्द्र कुमार कुर्रे, उर्वरक निरीक्षक सह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रवि कुमार गुप्ता, अगमदास बंजारा बीटीएम एवं क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।


निरीक्षण करने पहुंची टीम।

## टैक्स रिफंड में गड़बड़ी पर मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी में आयकर का छापा

**मनेन्द्रगढ़।** इनकम टैक्स रिफंड में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़े के मामले में आयकर विभाग ने सोमवार को तड़के मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी में एक साथ कई स्थानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई एसईसीएल से जुड़े एक अधिकारी और एक आयकर सलाहकार के आवास पर की गई। इससे क्षेत्र में दिन भर हड़कंप मचा रहा।

आयकर की सोमवार की सुबह चिरमिरी पोड़ी क्षेत्र के नवापारा इलाके में स्थित एसईसीएल के अधिकारी रविशंकर चक्रधारी के आवास पर पहुंची। अधिकारियों ने घर की सघन तलाशी ली और अनेक दस्तावेजों को जब्त किया। दूसरी ओर मनेन्द्रगढ़ के निवासी आयकर सलाहकार मनीष गुप्ता के घर पर भी आयकर विभाग की एक अन्य टीम ने छापा मारा। बताया जा रहा कि मनीष गुप्ता के घर में पहले भी इसी तरह की जांच और कार्रवाई हो चुकी है।



### फर्जी तरीके से रिफंड क्लेम

सूत्रों का कहना है कि एसईसीएल के कुछ कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा फर्जी निवेश प्रमाण पत्र, झूठे मेडिकल बिल, एलआईसी प्रीमियम और अन्य कर छूट संबंधी दस्तावेजों के माध्यम से लाखों रुपए का आयकर रिफंड लिया गया है। इस घोटाले में कुछ निजी टैक्स सलाहकारों की संलिप्तता की भी आशंका है, जो ऐसे मामलों में तकनीकी सहायता प्रदान कर रहे थे। हालांकि आयकर विभाग की टीम ने इस छापेमारी के संबंध में कोई आधिकारिक प्रेस बयान नहीं जारी किया है।

**न्यायालय तहसीलदार दरिमा, जिला सरगुजा, छ.ग.**

राजस्व प्रकरण...... /ब-121/202.....

**ईश्तहार (उद्घोषण)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामः- बरगवां एवं तहसील दरिमा को सूचित किया जाता है। कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती कोंदु आ. कोलवा निवासी ग्राम बरगवां थाना-दरिमा तहसील दरिमा जिला-सरगुजा, छ.ग. के द्वारा उनके पिता स्व. कोलवा पिता स्व. ठोकरी की मृत्यु दिनांक 26/09/2014 है, तथा स्थान बरगवां में हुआ है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो लिखित में स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा 25/7/2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई हेतु विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11 / 7/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**दरिमा जिला सरगुजा (छ.ग.)**

### एग्रीस्टैक से नवीन पंजीयन 31 अक्टूबर तक

**मनेन्द्रगढ़।** आगामी धान खरीदी सीजन 2025-26 के लिए राज्य शासन ने भारत सरकार के एग्रीस्टैक प्रोजेक्ट के अंतर्गत किसान पंजीयन को अनिवार्य कर दिया है। इसके तहत प्रदेशभर में किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीकृत किया जाएगा, जिससे कि उन्हें समर्थन मूल्य पर धान विक्रय की सुविधा मिल सके। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। जिले के सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को निर्देशित किया गया है कि वे एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किसानों का नवीन पंजीयन एवं फसल रकबे का संशोधन कार्य प्राथमिकता के आधार पर संपादित करें।

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा मार्केट

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 20 जुलाई 2025, रविवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ. राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
दिनांक 24 जुलाई 2025
दिन - गुरूवार
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

वरिष्ठ एवं अनुभवी कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, Dr. NB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
दिनांक -19 जुलाई 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक -27 जुलाई 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
डॉ. महावीर सिंह जौहरी
MBBS, MS, DNB (Hyderabad) FEN (Jabalpur), CNETS AIIMS (Delhi)
डॉ. चेतन चतुर्वेदी
MD GENERAL MEDICINE
DNB INTERVENTIONAL CARDIOLOGY
EX. CARDIOLOGIST
EX.LLRM MEDICAL COLLEGE MEERUTE
EX AIMS RAIPUR
(सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ)
डॉ. संजय कुमार अग्रवाल
MBBS, MD Medicine (Delhi)
DM (Gastro) BHU Varanshi
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
13 जुलाई 2025
दिन - रविवार

के आर टेक्निकल कॉलेज
(A POST GRADUATE COLLEGE)
CELEBRATING 17 YEARS OF EXCELLENCE
8435061866
9926020334
9926513170
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर से संबध उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ से मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् नई दिल्ली से अनुमोदित
ADMISSION OPEN 2025-26 (REGULAR COURSE)
DCA | BCA | BBA | BCOM
BSC (BIO/MATHS/CS) | BA | MSC (BOTANY/ZOOLOGY) | MSC (CHEMISTRY)
MSC (MATHS) | MSC (PHYSICS) | MSC (CS/IT) | MCOM
MSW | MA* (HINDI) | PGDBM | PGDCA
SC, ST और OBC छात्रों को छात्रवृत्ति
नवीन कॉलेज कैंपस
अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे संजय नगर, जिला - सूरजपुर, छ.ग.
NEW COLLEGE CAMPUS
सिटी ऑफिस
कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमनाकला, अंबिकापुर सरगुजा, (छ.ग.), मों. 98261-83771

## खबर संक्षेप



### उरांव समाज ने सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को किया सम्मानित

**अंबिकापुर।** उरांव समाज की ग्राम-वार्ड इकाई अतखा पड़हा गंगापुर द्वारा समाज के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के बैगा गोविंद भगत द्वारा सामूहिक पूजा व सामाजिक भजन कीर्तन से की गई। इस दौरान समाज के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों जय नारायण भगत, कौशल प्रजापति, मनराज भगत, सहदेव राम भगत, हरिहर राम, तारकेश्वर तिग्गा, जगना राम प्रधान, रामकमल भगत का रामनाथ भगत द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत करने के साथ ही खादी का साफा और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया है। समाज के सामाजिक जिला स्तरीय देवान उमेश भगत ने उरांव समाज के लिए जीवन भर को चार भागों में विभाजित कर बताया कि हमारा जीवन बाल्यावस्था, युवावस्था, कर्मावस्था और सयानावस्था के दौर से गुजरता है। सेवानिवृत्ति पश्चात शयनावस्था में आने पर समाज के लोगों को अपने जीवन भर में जितना भी अनुभव प्राप्त किए हैं उन सभी का उपयोग समाज के हित में सहयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में रामनाथ भगत, जगेश्वर भगत, कनी लाल बेक, सूरज नाथ तिर्की, गोविंद भगत, बीएस भगत, डॉ. अशोक भगत, सुमित्रा भगत, बालमनी प्रधान, पुष्पा भगत, गंगाराम टोप्पो आदि उपस्थित थे।

### जनदर्शन में समस्याओं का किया गया निराकरण



**सूरजपुर।** अनुविभागीय कार्यालयों में आज से अनुभाग स्तरीय जनदर्शन का प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश के अनुपालन में जिले वासियों को उनके निकटतम स्थान पर उनकी समस्याओं का निदान मिले इस हेतु प्रत्येक सोमवार तय समय सीमा अंतर्गत अनुविभागीय कार्यालयों में अनुभाग स्तरीय जनदर्शन लगाये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज सूरजपुर, प्रतापपुर, रामानुजनगर व भैयाथान में 12 से 2 बजे तय समय सारणी के अनुसार जनदर्शन का आयोजन किया गया। क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिस पर सक्षम अधिकारी द्वारा अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रतापपुर से 7, रामानुजनगर से 2 व सूरजपुर एवं भैयाथान से एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुए।

### अटल आवास के समीप गंभीर हालत में मिली महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** सुखनी बाई पति बचूराम (40 वर्ष) गत दिन प्रतीक्षा बस स्टैंड बाबूपारा स्थित अटल आवास के समीप गंभीर हालत में पड़ी थी। इसी दौरान लोगों ने घटना की सूचना संजीवनी 108 को दी। सूचना पर संजीवनी 108 की टीम तत्काल महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केंद्र में दाखिल कराया। जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतिका के साथ परिजन के नहीं होने पर पुलिस आज परिजन का पता किया तथा परिजन के मिलने के बाद मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## निधन

### रसीबुन बेगम



**भैयाथान।** नगर के पुरानी बस्ती निवासी रसीबुन बेगम पति शमीम खान का शनिवार को रायपुर में निधन हो गया। वे 40 साल की थी तथा लम्बे समय से अस्वस्थ रह रही थी। शनिवार को रायपुर में उनका ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई तथा इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांसें ली। रविवार को गृहग्राम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे एक बेटे सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

---

### पार्षद सहित मोहल्ले के लोगों व दोस्तों ने किया अंतिम संस्कार

# अपनों ने ठुकराया तो गैरों ने अपनाया और अंतिम सांस तक नहीं छोड़ा साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

कहते है कि अपने तो अपने ही होते है लेकिन कई बदनसीब ऐसे भी होते है जिनके अपने तो होते है लेकिन वे साथ नहीं देते है। कुछ इस तरह की घटना नगर के वार्ड क्रमांक 7 में किराए के मकान में रहकर मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे 77 वर्षीय वृद्ध के साथ हुआ। जब अपनों ने ठुकराया तो वार्ड के गैर लोगों ने न सिर्फ अपनाया बल्कि उसके अंतिम सांस तक साथ दिया। बीती रात वृद्ध ने अंतिम सांस लिया जिसके बाद वार्ड पार्षद सहित मोहल्ले के लोगों ने अंतिम संस्कार कराया।

**खास बात**

- पिछले चार वर्ष से बीमारी से जूझ रहा था वृद्ध

गौरतलब है कि लंबे समय से अशोक कश्यप रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 7 में सरस्वती देवी के यहां किराए के मकान में रहकर मजदूरी करता था। बताया जा रहा है कि वृद्ध के अपनों ने साथ छोड़ दिया तो वह जब तक था स्वस्थ तब तक उन्होंने किराया दिया। परंतु अस्वस्थ होने के बाद किराया देना बंद कर दिया। इधर मकान मालिक ने भी मानवता का परिचय देते हुए वृद्ध से किराया की मांग नहीं की। पिछले 4 वर्षों से वृद्ध उन्हीं के यहां रह रहा था। करीब एक माह पूर्व वृद्ध के अस्वस्थ होने की जानकारी स्वास्थ्य विभाग में कार्य करने वाले जगदीश दास को लगी तो उन्होंने भी मानवता का परिचय देते हुए अशोक कश्यप को अपने देखरेख में 100 बिस्तर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कई दिनों तक इलाज चलता रहा इसके बाद वृद्ध के स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो सका तो वापस वार्ड क्रमांक 7 अपने किराए के घर में आ गए थे।

विगत 15 दिन से मरणासन्न स्थिति में थे और बीती रात अंतिम सांस ली। 77 वर्षीय अशोक कश्यप के चार वर्षो से बीमार होने के बाद मेहनत मजदूरी नहीं कर पाने पर उनकी देखरेख मोहल्लेवासी करते रहे थे। वृद्ध के निधन हो जाने पर पूर्व पार्षद बिगु दास के पुत्र युवा पार्षद अर्जुन दास ने इंसानियत का परिचय देते हुए अंतिम संस्कार की व्यवस्था बनाने में पूर्ण सहयोग किया और दोपहर में मोहल्ले के लोगों ने अशोक कश्यप का दाह संस्कार हो सका।



अंतिम संस्कार में शामिल पार्षद व मोहल्लेवासी।

#### चार साल से नहीं लिया किराया

स्व. गोपाल केसरी की पत्नी सरस्वती देवी जिनके दो बच्चों एवं पति की दुर्घटना में मौत हो गई थी। जिसके बाद सरस्वती देवी पूर्णता किराया पर ही निर्भर है। उनके द्वारा मानवता का मिसाल पेश करते हुए बीते 4 वर्षों से अशोक कश्यप जो उनके घर में किराया में रहते थे उनसे किराया तक नहीं लिया।

#### 50 वर्ष पुराने दोस्ती का निभाया फर्ज

अशोक कश्यप बीमार होने के की जानकारी अशोक कश्यप के 50 वर्ष पूर्व से परिचित पुराने मित्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक सोहराय कुशवाहा को मिला तो वह गढ़वा से उन्हें देखने आए। यहां तक की कई बार गढ़वा से आकर सेवा की। मृत्यु के बाद भी जानकारी मिलने पर वह अंतिम क्रिया कर्म की सम्मिलित होने वाले एकमात्र जानने वाले व्यक्ति थे।

#### तीन बहन, बेटी, पत्नी सहित है भरा पूरा परिवार

अशोक कश्यप के रामानुजगंज में भी रिश्तेदार है। वही गढ़वा जिला में उनकी पत्नी, बेटी व तीन बहने हैं सभी संपन्न है परंतु सभी को जानकारी दी गई लेकिन मदद करना तो दूर वृद्ध को देखना भी मुनासिब नहीं समझा जिससे अपनों के होते हुए भी वृद्ध गैरो की मदद से जीवन यापन कर रहा था।

#### पडोसियों ने दिया साथ

मानवता आज भी लोगों में जिंदा है यह साबित कर दिया वार्ड क्रमांक 7 के अशोक कश्यप के किराए के मकान के अगल-बगल के लोगों ने। जब अशोक कश्यप मेहनत मजदूरी नहीं कर पा रहा था तो ऐसी स्थिति में कई बार भोजन की व्यवस्था पड़ोसियों ने की। वार्ड के लोग देवदूत के रूप में मदद करते थे। अशोक कश्यप जब बीमार था तो ऐसे समय मे वार्ड की महिलाओं सेवा में कोई कमी नही की।

---



## एटक श्रमिक यूनियन का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र का कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को संपन्न हुआ।सम्मेलन में सीटू के अरुण सुदेवन ने अपने 10 साथियों के साथ तथा अन्य संगठनों से करीब 50 कोल कर्मचारियों ने एटक की सदस्यता ग्रहण किया जिसमें 25 महिला साथी भी शामिल हैं।गौरतलब है कि नगर के ऑडिटोरियम में एटक का कार्यकर्ता सम्मेलन हीरालाल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य अतिथि महासचिव एसकेएमएस एटक अजय विश्वकर्मा रहे। अन्य अतिथियों में केंद्रीय अध्यक्ष कामरेड कन्हैया सिंह, बैकुंठपुर क्षेत्र के अध्यक्ष महेश यादव, सचिव अतुल गुप्ता,भटगांव क्षेत्र के अध्यक्ष कौशल चंद्र उपस्थित थे। इस दौरान एटक के क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग द्वारा बिश्रामपुर क्षेत्र में एटक के क्रियाकलापों, संघर्षों, सामाजिक कार्यों का विवरण तथा क्षेत्र में ठेका मजदूरों के वेतन, एरियर्स, बोनस तथा अन्य सुविधाओं के लिए किए गए संघर्ष की जानकारी दी गई। यहाँ पर मुख्य अतिथि अजय विश्वकर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मेहनतकश मजदूरों पर हमला किया जा रहा है। 4 श्रम कोड बिल मजदूर विरोधी तथा उद्योगपतियों के ज्यादा से ज्यादा मुनाफे के लिए बनाया गया है, जिसका विरोध करना है, इसके लिए एटक को मजबूत करना तथा एटक की सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया गया है।केंद्रीय अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि एटक का 105 वर्ष से संघर्ष का इतिहास है।एटक आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों से लोहा लिया और एटक के सैकड़ों सिपाही शहीद हुए, इसलिए सभी कार्यकर्ता संघर्ष के लिए तैयार रहें। सम्मेलन में बिश्रामपुर उपक्षेत्रों के सचिव राजेश त्रिपाठी, विनोद सिंह, सजल मित्रा, आरके द्विवेदी, कामदेव सिंह, सलमान खान, अखय, सविन्दर पासवान एवं ठेका श्रमिक धर्मजीत ने भी अपने अपने विचार रखे। मंच का संचालन वीसी जैन तथा राजेंद्र प्रसाद ने किया। सम्मेलन में आए सभी कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह के रूप में एटक यूनियन के चिन्ह वाली लाल छतरी भेंट की गई।

- 50 कर्मचारियों ने ली सदस्यता

---

# फिल्टर प्लांट से कॉलोनिवासियों को सप्लाई हो रहा मटमैला गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

शुद्ध जल आपूर्ति के नाम पर बिश्रामपुर को कॉलोनीवासियों को मिट्टीयुक्त गन्दे पानी की सप्लाई की जा रही है, इस समस्या का मूल कारण प्लांट में पानी की गुणवत्ता जाँचने का कैलकुलेटर पिछले वर्ष से खराब पड़ा हो जाने को बताया जा रहा है, जिसकी मरम्मत अब तक नहीं हो सकी है और न ही कोई वैकल्पिक नया उपकरण लगाया गया है।

- पानी की शुद्धता व गुणवत्ता जाँचने का कैलकुलेटर वर्ष भर से पड़ा है ख़राब
- विभागीय अधिकारियों द्वारा वैकल्पिक या नए उपकरण लगाने नहीं की गई कोई पहल

फिल्टर प्लांट से कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों में जो पानी सप्लाई की जा रही है, वह न केवल बदबूदार है,बल्कि पीने योग्य भी नहीं है।कालोनीवासियों ने बताया कि पानी पीने से कई तरह की स्वास्थ्य व शारीरिक समस्याएं हो चुकी हैं। बावजूद इसके संबंधित विभागीय अधिकारी मौन धारण किये हुए हैं।स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सम्बन्ध में कई बार विभागीय अधिकारियों और प्रशासन को अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई सुधार कार्य प्रारम्भ नहीं कराया जा सका है।वर्तमान में बरसात के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर होती दिख रही है।बरसात के चलते जल स्त्रोतों में गंदगी बढ़ जाती है और फिल्टर प्लांट में उचित प्यूरीफाई सिस्टम न होने से दूषित पानी सीधे नल में पहुंच रहा है।इससे कॉलोनीवासियों को पीलिया, टाइफाइड,हैजा समेत कई बीमारियों का खतरा बना हुआ है। जनस्वास्थ्य मानकों के अनुसार हर जल आपूर्ति केंद्र में पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच और शुद्धिकरण आवश्यक होती है लेकिन यहां जांच प्रणाली लंबे समय से बंद पड़ी है। कालोनीवासियों की मांग है कि फिल्टर प्लांट के खराब उपकरणों की तत्काल मरम्मत व सुधार कराया जाये,सुधार न हो पाने की स्थिति में उपकरणों को शीघ्र बदलने की मांग की गई है,साथ ही वैकल्पिक स्वच्छ जल आपूर्ति की व्यवस्था करने,नियमित जल परीक्षण सुनिश्चित करने की भी मांग की गई।



---

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

संकल्प भवन में सोमवार को भाजपा के जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक हुई जिसमें संगठन को मजबूत करने, नए लोगों को जोड़ने, और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि भाजपा ने हमेशा समाज के सभी वर्गों और समुदायों का सम्मान किया है। हमें आने वाली पीढ़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए सतत प्रयास करने की आवश्यकता है। कार्यकर्ता संगठन की मजबूती के लिए योग्य और कुशल कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करें और अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाएं। मोर्चा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। हमें केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचानी है। हमारा कर्तव्य है कि हम सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करें, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इस अवसर पर मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम अंसारी, स्वरूप कांत थॉमस, मधुसूदन शुक्ला, सतपाल सिंह, वाहिद रहमानी, सैय्यद हामिद, तैय्यब अंसारी, मुशर्रत खान, गुलामनबी अंसारी, अयूब अंसारी, मो. अलीम, मो.अमीर, अलीम फिरदौसी, मो. जिलानी, जाफर खान, मो.इजराइल सहित अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।



---

## बढ़ती चोरियों व बेतरतीब कोल ट्रांसपोर्ट से नाराज जनप्रतिनिधियों ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल में इन दिनों अपराध और अव्यवस्था की दोहरी मार झेल रही जनता की तरफ से आंदोलन की आवाज और नाराजगी तेज होती दिख रही है। नगर में बढ़ती चोरी,चैन स्नैचिंग और बेलगाम कोल ट्रांसपोर्ट के खिलाफ नपं का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह ठाकुर से मिलकर ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि बिश्रामपुर क्षेत्र में बीते कुछ महीनों से लगातार चोरी, घर में सेंधमारी,चैन स्नैचिंग जैसी गंभीर घटनाएं हो रही हैं, जिससे आम जनजीवन असुरक्षित महसूस कर रहा है। महिलाएं और बुजुर्ग शाम ढलते ही घर से निकलने में घबरा रहे हैं, वहीं व्यापारी वर्ग और कॉलोनीवासी लगातार हो रहे अपराधों से आक्रोशित हैं।जनप्रतिनिधियों ने इस बात पर भी गंभीर आपत्ति जताई कि बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग, जो पूरी तरह से रिहायशी इलाका है, वहां से 24 घंटे कोल ट्रांसपोर्ट की भारी-भरकम वाहन धड़ल्ले से गुजर रही हैं। नतीजा यह है कि क्षेत्र के सैकड़ों स्कूली बच्चों, मंदिर में आने जाने वाले श्रद्धालुओं और पैदल चलने वाले आम नागरिकों को अपने साथ हर वक्त दुर्घटना हो जाने का भय बना रहता है।ज्ञापन में स्पष्ट मांग की गई कि इस मार्ग को तत्काल नो एंट्री जोन घोषित किया जाए और रिहायशी क्षेत्रों से कोल ट्रांसपोर्ट को पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाए,उन्होंने एसएसपी से विशेष सुरक्षा इंतजाम हेतु गश्त बढ़ाने और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने की भी मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में नपं उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान,पूर्व नपं अध्यक्ष राजेश यादव, सेवानिवृत्त एसईसीएल अधिकारी के. पांडेय, रविशंकर बउवा व अन्य उपस्थित रहे।



---

## शिक्षा जीवन का मुख्य आधार, अनुशासित रहकर करें पढ़ाई : भूलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामनगर

बस्तामुक्त शासकीय पूर्व माध्यामिक शाला रूनियाडीह में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य, मुरली मनोहर सोनी की अध्यक्षता तथा जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति संत सिंह, उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, जिपं सदस्य श्रीमती कलेश्वरी कुर्रे, पूर्व नपं अध्यक्ष राजेश यादव, उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, बीईओ सुनील सिंह पोर्ते, एबीईओ गिरवर यादव, शशिकांत गर्ग, संत सिंह, कैलाश सिदार, लीलू गुप्ता, विजय राजवाड़े, पार्षद रविशंकर बऊआ के आतिथ्य एवं जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति संत सिंह की अध्यक्षता में शाला प्रवेश उत्सव सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

- प्रवेशोत्सव में बस्तामुक्त पूर्व माध्यामिक शाला के उत्कृष्ट बच्चों को किया गया सम्मानित

संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी ने विभिन्न नवाचारों के माध्यम से बच्चों के शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय की बालिका कबड्डी टीम का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होता रहा है। विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि शिक्षा जीवन का मुख्य आधार है। बच्चे अनुशासित रहकर शिक्षा ग्रहण करें। उन्होंने पालकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने, घर पर भी पढ़ने के लिए बैठाने तथा एक पौधा मां के नाम रोपित कर देखभाल करने प्रेरित किया। कार्यक्रम को मुरली मनोहर सोनी एवं श्रीमती स्वाति संत सिंह ने भी संबोधित किया। बच्चों को तिलक एवं बैच लगााया गया, मिठाई खिलाकर कॉपी-पेन तथा पुस्तक प्रदान कर कक्षा प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कक्षा छठवीं में उत्कृष्ठ अंक प्राप्त करने पायल राजवाड़े, शिवम विश्वकर्मा, खुशी सिंह, कक्षा सातवीं में टिकेश्वरी राजवाड़े, दिव्या राजवाड़े, निशु राजवाड़े, कक्षा आठवीं में वर्षा सिंह टेकाम, बुधियारों राजवाड़े, निकिता विश्वकर्मा, शत-प्रतिशत उपस्थिति का अवार्ड पायल राजवाड़े, टिकेश्वरी राजवाड़े, रोशनी सिंह, बुधियारों राजवाड़े को सम्मानित किया।



---

## कार चालक ने शहर के बीच महामाया चौक पर मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

शहर में बेलगाम रफ्तार अब लोगों की जान के खतरा बनते जा रही है। हैरानी की बात तो यह है कि चार पहिया वाहन चालक बीच शहर में भीड़-भाड़ वाले इलाके में भी अनियंत्रित गति से वाहन चला रहे है। ऐसा ही एक मामला शहर के बीच महामाया चौक पर सामने आया है जहां तेज रफ्तार वाहन पुलिस की बेरिकेंग को टक्कर मारते हुए भाग निकली। इस दौरान सड़क पर चल रहे लोगों के साथ ही एक ऑटो चालक दुर्घटना का शिकार होते होते बचा। कार सवार लोगों के उत्पात का सीसीटीवी फुटेज अब वायरल हो रहा है। इधर इस घटना को लेकर पुलिस द्वारा जांच कर कड़ी कार्रवाई की बात कही जा रही है लेकिन फिलहाल कार चालक की पहचान नहीं हो पाई है।

- पुलिस की बेरीकेट्स को टक्कर मारते हुए भागा, बाल बाल बचे लोग

बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह लगभग 10 बजे एक काले रंग की कार महामाया रोड की तरफ से तेज गति से आ रही थी। कार चालक इतनी तेज गति से वाहन चला रहा था कि उसने महामाया चौक पर वाहन को धीमा करने का भी प्रयास नहीं किया और महामाया चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए लगाए गए पुलिस के दो बेरीकेट्स को टक्कर मारते हुए भाग निकला। इस दौरान एक बेरीकेट सामने से आ रही ई रिक्शा से टकराई। इस दौरान आस पास मौजूद लोगों में हडकंप मच गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई लेकिन चालक जिस गति से वाहन चला रहा था उससे यदि कोई कार की चपेट में आ जाता तो उसकी मौत निश्चित थी। दिन के समय महामाया चौक पर वाहन चालक के इस उत्पात की घटना चौक पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बड़ी बात यह है कि शहर में बाइकर्स के साथ ही अब कार चालकों के इस तरह के उत्पात आम बात हो गये है। उत्पाती लोग बेखौफ होकर शहर की भीड़ भाड़ वाली सड़कों पर उत्पात मचाते हुए निकल जाते है। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। वाहन चालक की पहचान कराई जा रही है। मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता — MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा — MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा, MRCOG (I) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS, MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — एम. डी. फिजीशियन
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता — MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले — MS, ENT, नाक कान गला रोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774-222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### महिला पुलिसकर्मी के घर में घुसकर युवक ने मचाया उत्पात



**सूरजपुर।** कोतवाली क्षेत्र के माता कर्मा चौक में दिनदहाड़े एक महिला पुलिसकर्मी के घर में घुसकर युवक ने न सिर्फ जमकर उत्पात मचाया बल्कि चोरी और तोड़फोड़ की वारदात को अंजाम दिया गया। घटना से महिला पुलिसकर्मी के परिवार में दहशत का माहौल है। रिपोर्ट पर पुलिस ने युवक के विरूद्ध मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। सूरजपुर में अब पुलिस ही सुरक्षित नहीं है। पुलिस विभाग में पदस्थ महिला पुलिसकर्मी ड्यूटी के बाद रात को घर में सो रही थी। इस दौरान ग्राम तिलशिवा निवासी बीरू सिंह उसके घर के बाहर आकर गाली गलौज करने लगा और घर में लगे सीमेंट की सीट को तोड़ दिया। हंगामे को देख महिला पुलिसकर्मी ने घटना की पुलिस कोदी। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उत्पात मचा रहे युवक को डांटकर भगा दिया। सुबह युवक पुनः उस समय पहुंचा जब पुलिसकर्मी घर पर नहीं थी। इसी दौरान घर में सो रहे बच्चे को डरा-धमकाकर के घर के भीतर घुसकर अलमारी को तोड़ा और उसमें रखे करीब 20 हजार रूपए और एक लैपटॉप लेकर फरार हो गया। चोरी करते समय चोर का रियलमी कंपनी का मोबाइल अलमारी के पास गिर गया था। जिसे पुलिस वालों ने जब्त किया है। महिला पुलिसकर्मी ने थाने में शिकायत कर बताया कि बीती रात भी वही संदिग्ध युवक उनके घर के सामने आकर जमकर गाली-गलौज कर तोड़फोड़ कर रहा था और सुबह घर में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस ने महिला पुलिसकर्मी की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। वीडियो में दिख रहे युवक की तलाश कर रही है। बहरहाल इस घटना से महिला पुलिसकर्मी दहशत में है। वहीं इस घटना से सवाल यह उठ रहा है कि जब कोई व्यक्ति पुलिसकर्मी के ही घर में घुसकर इस तरह की वारदात को अंजाम दे सकता है तो आम आदमी भला कैसे सुरक्षित रहेगा।

### खेत जुताई कर रहे पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला, एक ही परिवार के 7 गिरफ्तार



**अम्बिकापुर।** तालकेश्वरपुर निवासी 25 वर्षीय श्याम सुन्दर यादव आ. महेश्वर यादव के परिवार के पास कुंदरु औरादामर के करीब 2 एकड़ जमीन मौजूद है। उक्त भूमि पर युवक के परिवार दवरा 18-20 वर्षों से खेती की जा रही है। इसी भूमि पर कब्जा करने के लिए गांव के कुंदरू निवासी देवदत्त यादव ने जबरन सवा बो दिया था। 13 जुलाई को जब श्याम सुन्दर यादव अपने पिता और भाई के साथ खेत में जुताई कर रहा था, देवदत्त यादव अपने एनी साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और गाली गलौज करते हुए राजेश के सिर पर पर टांगी से व महेश्वर के सिर व पसली में लाठी डंडे से वार कर दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल राजेश व महेश्वर यादव को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। मामले में श्याम सुन्दर यादव की शिकायत पर पुलिस ने सनावल कुंदरू निवासी 28 वर्षीय देवदत्त यादव आ. श्याम चरण यादव, 35 वर्षीय भागीरथी यादव आ. राधे श्याम यादव, 31 वर्षीय शिवबरत यादव आ. राधे श्याम यादव, 66 वर्षीय राधेश्याम यादव आ. रामकेश यादव, 45 वर्षीय मदन मोहन यादव आ. रामकेश यादव, 40 वर्षीय श्याम नारायण यादव अ. रामकेश यादव व 21 वर्षीय आनंद यादव आ. मदनमोहन यादव को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त टांगी और डंडा बरामद किया है।

### दिवंगत शिक्षक की पत्नी को दी एक लाख की संवेदना राशि



**अम्बिकापुर।** विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खोरहरी जोर के दिवंगत शिक्षक बलजीत सिंह की पत्नी श्रीमती भोली पैकरा को वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश कुमार अग्रवाल के हाथों एक लाख रूपये की संवेदना राशि प्रदान की। समिति के सदस्यों ने मौन श्रद्धांजलि अर्पित की तथा हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। समिति के ब्लॉक संचालक मो.महमूद और सुरेन्द्र दुबे ने बताया कि वर्ष 2021 से योजनांतर्गत अब तक सूरजपुर जिले से दो हजार से अधिक शिक्षकों ने सदस्यता ली है और 20 दिवंगत शिक्षकों के आश्रितों को संवेदना राशि प्रदान की गई है। इस दौरान समिति के राकेश शुक्ला, गिरवर यादव, राधेश्याम साहू, मनोज कुशवाहा, धीरेंद्र सिंह, महेश पैकरा, मनोहर गुप्ता, मो.महमूद, सुरेन्द्र दुबे, राजेश प्रसाद दुबे, भुवनेश्वर सिंह, राजेश कुमार जायसवाल, रामज्ञान सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## प्राचीन देवगढ़ शिवमंदिर में पहुंचे विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु

# सावन के प्रथम सोमवार शिवालयों में जलाभिषेक करने उमड़े श्रद्धालु, दिन भर चलती रही पूजा-अर्चना



सावन के पहले सोमवार को मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सावन के प्रथम सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह बारिश में भीगते हुए श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे एवं विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक किया। सोमवार को मंदिरों में रूद्राष्ध्यायी के मंत्रों के साथ विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक किया गया। भगवान शिव की पूजा को लेकर महिलाओं में भारी उत्साह देखा गया।

**खास बात**

- दूध, दही, मधु से किया गया अभिषेक

भगवान शिव की पूजा-अर्चना की दृष्टि से सावन महीने का विशेष महत्व है। सावन का महीना शुरू होने के साथ ही हर दिन श्रद्धालु विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा अर्चना कर रहे हैं। सावन के प्रथम सोमवार पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए विशेष तैयारियां की गई थी। सुबह बारिश होने के बावजूद भोर होते ही श्रद्धालु शिवालयों में उमड़ने लगे। इस दौरान शहर के शंकरघाट शिवमंदिर, पुलिस लाइन शिव मंदिर, महावीर वार्ड शिव मंदिर, बौरी पारा शिव मंदिर, सत्तीपारा मंदिर सहित शहर के सभी शिवालयों में सुबह से दोपहर तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। शंकरघाट शिवालय में बड़ी संख्या में दूर-दूर के श्रद्धालुओं के पहुंचने से मेला जैसा माहौल बन गया था। शिवालयों में दोपहर तक पूजा-अर्चना का क्रम जारी रहा। दोपहर बाद श्रद्धालुओं ने रूद्र अष्टाध्यायी के मंत्रों के साथ दूध, दही, मधु आदि से भगवान शिव का अभिषेक किया।

### देवगढ़ पहुंचे संभाग भर के श्रद्धालु

विकासखण्ड उदयपुर अंतर्गत देवगढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर को जमदग्नि ऋषि की तपोस्थली माना जाता है तथा पूरे सावन संभाग के विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु भगवान शिव का अभिषेक करने पहुंचते हैं। बड़ी संख्या में युवा विभिन्न क्षेत्रों से कांवर लेकर देवगढ़ मंदिर पहुंचते हैं तथा अलग-अलग नदियों के जल से भगवान शिव का अभिषेक करते है। प्रथम सोमवार को देवगढ़ मंदिर में कांवरिए तो नहीं पहुंचे लेकिन दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं का पूरे दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करने ताता लगा रहा। सुबह बारिश होने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या कम थी लेकिन बारिश बंद होते ही भीड़ बढ़ने लगी तथा पूरे दिन शिवालय में पूजा-अर्चना का क्रम चलता रहा।

### सावन के पहले दिन बाबा 11 समिति के सदस्यों ने बाबा धाम में जलाभिषेक




नगर के बिलासपुर रोड से बाबा 11 समिति के सदस्यों के द्वारा सावन के पहले दिन देवघर बाबा धाम में जलाभिषेक किया गया। समिति द्वारा लगातार 20 वर्षों से सावन के महीने में बाबा धाम की यात्रा जारी है। इस वर्ष भी सावन शुरू होने से पहले ही श्रद्धालुओं का जत्था बाबा धाम की यात्रा के लिए गत बुधवार को निकला था। सावन के पहले दिन श्रद्धालुओं का यह जत्था बाबा धाम में भगवान भोलेनाथ जलाभिषेक किया। बता दें कि बाबा 11 समिति के सदस्य प्रतिवर्ष सावन के पहले ही बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हो जाते हैं। यह सिलसिला 20 वर्षों से अनवरत जारी है। श्रद्धालुओं में जयशंकर साहू ,गांधी पासवान अविनाश तिवारी ,वीर यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### श्रावण मास के प्रथम सोमवार को शिवालयों में लगे हर हर महादेव के नारे



**बिश्रामपुर।** कोयलांचल समेत आसपास इलाके में स्थित शिवालयों में श्रावण मास के प्रथम सोमवार को बड़ी संख्या में शिवभक्त व श्रद्धालु पहुंचे। शिवालयों में हर हर महादेव की गूंज सुबह से ही सुनाई देने लगी।भक्तों द्वारा भगवान शिव की विधिवत पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।श्रावण मास के प्रथम सोमवार को रेण नदी से जल लेकर कांवर यात्रा निकाल प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्दू धर्मावलंबियों द्वारा नगर के गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में स्थित शिवलिंग का जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना की गई।इसी तरह ग्राम देवटिकरा में स्थित प्रसिद्ध देवगढ़ धाम में बिश्रामपुर निवासी सुभाष गोयल व अंबिकापुर निवासी अनुज विजय गोयल ने सपरिवार आज श्रावण मास के प्रथम सोमवार को बाबा का पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि-खुशहाली की कामना की।धार्मिक आयोजन में मुख्य यजमान सुभाष गोयल एवं विजय गोयल ने आज सोमवार को देवगढ़ धाम स्थित अर्धनारेश्वर शिवलिंग का गन्ना रस, दूध, गंगाजल से रुद्राभिषेक किया गया,साथ ही बेलपत्र,शमीपत्र,पुष्प, अखंड अक्षत,जौ,काला तिल व अन्य पूजन सामग्री से सहस्त्रार्चन किया गया।धार्मिक आयोजन पश्चात गोयल परिवार द्वारा बाबा को भोग लगाकर भव्य भंडारा का आयोजन भी किया गया, जिसमें शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।गौरतलब है कि गोयल परिवार बिश्रामपुर द्वारा इसी तरह श्रावण मास के प्रति सोमवार को धार्मिक अनुष्ठान व भंडारे का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।मुख्य यजमान गोयल ने भक्तों से आगामी सोमवार 21 जुलाई को ज्यादा से ज्यादा भक्तों से भोग ग्रहण करने आह्वान किया है। आयोजन को सफल बनाने में गोयल परिवार के सदस्यों सहित अशोक अग्रवाल, नरेश मित्तल, रमेन्द्र सिंह, मौनी बाबा, श्रीराम पांडेय, सुनील अग्रवाल, पवन गर्ग, पंकज चौबे, चिंटू महलवाला, सुरेश पांडेय, भोला, महेश, देवेंद्र, भीम सहित अन्य सक्रिय रहे।

### सावन के पहले सोमवार को शिवपुर धाम में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**प्रतापपुर।** प्रतापपुर से चार किलोमीटर दूर स्थित शिवपुर धाम तथा प्राचीन शिव मंदिर,पारदेश्वर शिव मुरली मंदिर में मनोकामना लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु सावन के पहले सोमवार को जलाभिषेक करने पहुंचे। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचने लगे और गंगाजल, दूध व पुष्प से जलाभिषेक किया। प्राचीन शिवधाम न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यहां का आध्यात्मिक वातावरण, प्राकृतिक सौंदर्य और अर्धनारीश्वर शिवलिंग की दुर्लभता इसे विशेष बनाती है। सावन की पहली सोमवारी को आसपास गांव से बडाी संख्या में श्रद्धालु पैदल एवं वाहन से पहुंचे। तड़के चार बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गई। हाथों में जल कलश, फूल और बेलपत्र लिए लोग अपने परिवार की खुशहाली, रोग निवारण और जीवन में सुख-शांति की कामना के साथ जलाभिषेक किया। मंदिर प्रांगण भजनों, घंटियों और शंख ध्वनि से गूंज उठा। महिलाओं ने पारंपरिक गीतों के साथ पूजा-अर्चना की। युवाओं ने जल लेकर भोले बाबा के चरणों में अर्पित किया और बुजुर्गों ने मंदिर परिसर में बैठकर ध्यान-साधना की।

### शिव भक्तों ने महेशपुर शिवालय में किया जलाभिषेक



**डांड़गांव।** सावन माह के आगमन होने से भगवान भोलेनाथ के भक्तों में बड़ा ही उत्साह और उल्लास देखने को मिल रहा है। उदयपुर विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सायर के धर्म रक्षक युवा मित्र मंडली के नेतृत्व में आज सावन के पहले सोमवार को ग्राम पंचायत सायर गैंइट कछार रेड नदी से जल लेकर सैकड़ो कावड़ यात्रियों ने पैदल चलकर भगवान भोलेनाथ का बोल बम जयकारा लगाते हुए महेशपुर स्थित शिव धाम पहुंच कर शिवलिंग में जलाभिषेक किया। ग्राम पंचायत सायर वनांचल ग्राम है जहां युवाओं द्वारा हर सप्ताह मंगलवार शाम को बड़ी संख्या में एकजुट होकर हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ किया जाता है। जिससे समाज के आने वाले पीढ़ी को अपने धर्म, संस्कृति, सनातन के बारे में जानकारी हो एवं धर्म की रक्षा के लिए सदैव तैयार रहें। धर्म रक्षक युवा मित्र मंडली द्वारा धर्म की रक्षा के लिए आए दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी तारतम्य में आज सायर के समस्त शिव भक्तों को एकजुट कर सफल कावंड यात्रा सम्पन्न किया गया। इस दौरान धर्म रक्षक युवा मंडली के अध्यक्ष शिवकार यादव, अखिल मित्तल, रविंद्र मझवार, सूरज यादव, उमेश यादव, रामकुमार, जयकार,बबलू, जागेश्वर सिरदार, जयप्रकाश दिनेश, कंचन, बृज, शिवम सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त शामिल हुए।

## गेउर नदी पुल के ऊपर पहुंचा पानी, आवागमन रहा बाधित



पुल के ऊपर बहता पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

क्षेत्र में मानसून की बारिश से नदी नाले एक बार फिर से उफान पर है। क्षेत्र में नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इस बीच सोमवार को गेउर नदी पर भी पानी पुलिया के ऊपर पहुंच गया। इस दौरान लगभग दो घंटे तक मार्ग पर आवागमन बाधित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। बता दें कि राजपुर क्षेत्र में बीती रात मानसून की सक्रियता से जोरदार बारिश हुई। बारिश के कारण क्षेत्र के नदी नाले उफान पर है।

- सड़क के दोनों ओर लगी वाहनों की कतार

इस बीच सोमवार की सुबह राजपुर-ओकरा मुख्य मार्ग पर सुबह 10 बजे गेउर नदी में बाढ़ के कारण पानी पुल के ऊपर पहुंच गया। पानी पुल से लगभग 2 फीट ऊपर बह रहा था जिससे मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। पानी पुल के ऊपर बहने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लगी गई और कई गांवों का सम्पर्क ब्लॉक मुख्यालय से टूट गया वहीं ओकरा के कोठी पत्थर मंदिर जाने वाले श्रद्धालु भी इस जाम में फंस गए और उन्हें घंटों इतंजार करना पडा।

## वन विभाग ने अतिक्रमण के खिलाफ की कार्रवाई



**राजपुर।** क्षेत्र में वन भूमि पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। सोमवार को वन विभाग की टीम ने ग्राम भेस्की में 5 हेक्टेयर भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया है। बता दें कि वन परिक्षेत्र अंतर्गत बरियों सर्किल के ग्राम भेस्की में तेजू यादव, शंकर यादव, इश्वर यादव व किशुन यादव द्वारा कक्ष क्रमांक आरएफ 2703 में अवैध रूप से वन भूमि पर कब्जा किया गया था। ऐसे में डीएफओ आलोक कुमार वाजपेयी ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। डीएफओ के निर्देश पर रेंजर महाजन लाल साहू के नेतृत्व में वन विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। वहीं अतिक्रमणकारियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में राजपुर एसडीओ रविशंकर श्रीवास्तव, रेंजर महाजन लाल साहू, बरियों, चांची सर्किल के वन कर्मी सक्रिय रहे।

- 5 हेक्टेयर भूमि कराया कब्जा मुक्त

### रास्ता रोककर वाहन में तोड़फोड़, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** रास्ता रोककर गाली गलौज और कार में तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। बसंतपुर पुलिस के अनुसार रामानुजगंज वार्ड क्र. 14 निवासी ब्रम्हदेव कुशवाहा 10 जुलाई को अपनी कार क्रमांक एमपी 66 जेडडी 3393 से मौसी और भांजी को लेकर वाड्रफनगर जा रहा था। देर शाम 7.30 बजे अजगरा नाला के समीप विपरीत दिशा से आ रहे स्विफ्ट कार के चालक ने साइड देने को लेकर विवाद करते हुए रास्ता रोककर मारपीट और वाहन में तोड़फोड़ की। इस दौरान युवक और महिलाएं किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई और रिश्तेदार को घटना की जानकारी दी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## कांग्रेस की बैठक में पूर्व मंत्री अमरजीत ने उठाया आदिवासियों का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



दिल्ली में आयोजित कांग्रेस की बैठक में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ सहित देशभर के आदिवासी समाज के नेताओं से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने सरगुजा के कांग्रेस नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत के साथ संवाद कर सरगुजा में आदिवासी समाज की स्थिति पर चर्चा की।

पूर्व मंत्री श्री भगत ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से चर्चा के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट में माइनिंग के लिए कंपनियों को खुली छूट दे दी गई है। माइनिंग के लिए आदिवासियों की हजारों एकड़ जमीन अधिग्रहित की जा रही है। जंगल काटे जा रहे हैं जिससे विस्थापन का संकट उत्पन्न हो गया है। जंगल में महुआ इमली, तेंदुपत्ता, चार, चिरौंजी आदि लघु वनोपज पर आधारित परंपरागत आजीविका लगातार नष्ट हो रही है। आदिवासी समाज के लिए अन्य वैकल्पिक रोजगार की कोई दूसरी योजना उपलब्ध नहीं है। आदिवासी समाज को 21वीं सदी के विकास से काटकर पाषाण युग में धकेला जा रहा है जहां न तो शिक्षा, रोजगार व भूमि पर अधिकार है न ही नेतृत्व की जगह। राहुल गांधी ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना तथा सभी मुद्दों को संसद में उठाने का आश्वासन दिया।

## पीडब्ल्यूडी सब इंजीनियर परीक्षा में नकल, एनएसयूआई ने फूंका पुतला



**अंबिकापुर।** व्यापम द्वारा आयोजित पीडब्ल्यूडी सब इंजीनियर परीक्षा में संगठित नकल की बात सामने आने पर प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर सोमवार को एनएसयूआई ने घड़ी चौक पर का पुतला दहन किया। रविवार को बिलासपुर के एक परीक्षा केंद्र पर एनएसयूआई द्वारा हाईटेक उपकरणों का उपयोग करते हुए नकल करते और उसमें सहयोग करते 2 युवतियों को पकड़ा। इनका संबंध मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर से है। एनएसयूआई ने यह आरोप लगाया है कि 17 परीक्षा सेंटर में 40 लोगों के संगठित सहयोग से नकल की इस घटना को अंजाम दिया गया यह बिना राजनीतिक संरक्षण के यह संभव नहीं है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि परीक्षा में नकल का मामला प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा प्रणाली की विफलता को उजागर करता है। यह बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने दोषियों पर कठोर कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने यह चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मामले में कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। इस दौरान एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु जायसवाल, पूर्व पार्षद सतीश बारी, एनएसयूआई विवि अध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता, प्रिंस, गौतम गुप्ता, आकाश यादव, अंकित जायसवाल, अभिषेक सोनी, संजर नवाज़ आदि उपस्थित रहे थे।

- कार्रवाई नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

